

अमृत भारत स्टेशन... पेज 2

आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in



राजकीय उच्च माध्यमिक... पेज 3

वर्षः 10 | अंकः 361 | जयपुर, शनिवार 11 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


## राममंदिर चढ़ावा चोरी- दान गिनने वाले 23 कर्मचारियों का इस्तीफा

**चढ़ावे में 10-20 के नोट बड़े, 500 के घटे; सुप्रीम कोर्ट में 13 जुलाई को सुनवाई**



**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 3 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। याचिकाओं में जांच CBI को सौंपने और एसआईटी के गठन के मांग की गई है। साथ ही, मंदिर में दान के प्रबंधन से जुड़े अलग-अलग विषयों की समीक्षा के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने की भी मांग की गई है। इधर, मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 23 कर्मचारियों ने गुरुवार को एक साथ इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि चोरी की घटना के बाद 10-20 रुपए के नोट बढ़ गए हैं, जिससे गिनती में ज्यादा समय लग रहा है। पहले 500 रुपए के नोटों की 70-80 गड्डियां बन जाती थीं, अब बमुश्किल 15 गड्डियां बन रही हैं। पहले काम दो शिफ्ट में होता था, लेकिन अब सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक एक ही शिफ्ट कर दी गई है। वेतन वही है और काम के घंटे बढ़ गए हैं। अब बैंक के पास सिर्फ 13 गणना कर्मी बचे हैं। चढ़ावा चोरी से माता सीता का मायका जानकी मंदिर भी आहत है। श्रीराम का ससुराल पड़ोसी देश नेपाल के जनकपुर में है। मंदिर के महंत रोशन दास ने दैनिक भास्कर से कहा कि भगवान श्रीराम के किसी मंदिर में ऐसी घटना न कभी देखी, न सुनी। मन व्यथित है, इसलिए सावन में जनकपुर से 5-7 लोग प्रभु श्रीराम के घर अयोध्या जाएंगे, सांत्वना देंगे और दर्शन कर लौट आएंगे।

## 12% से ज्यादा अल्कोहल वाली दवा बिना प्रिस्क्रिप्शन नहीं मिलेगी

**कफ सिरप और टॉनिक पर असर, मेडिकल स्टोर्स को 3 साल का रिकॉर्ड रखना होगा**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 12% से ज्यादा अल्कोहल मिक्स दवाओं की खुली बिक्री पर रोक लगा दी है। ये नियम 30 मिलीलीटर से ज्यादा बड़ी बोतल के लिए है। अब ये दवाएं डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना खरीदी या बेची नहीं जा सकेंगी। दवाओं के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सरकार ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में यह बदलाव किया है। मेडिकल स्टोर्स के लिए भी खास निर्देश हैं। अब मेडिकल स्टोर्स को इन दवाओं की बिक्री का पूरा रिकॉर्ड एक अलग रजिस्टर में रखना होगा। इस फैसले का आम मरीजों, मेडिकल स्टोर्स और पब्लिक हेल्थ पर क्या असर पड़ेगा?

## भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की सीट पर प्रत्याशी बदला

**नामांकन में गड़बड़ी थी, भाजपा ने बांकीपुर उपचुनाव के लिए आनन-फानन में नया कैंडिडेट उतारा**




**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा जाने से खाली हुई बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा को नामांकन के अगले ही दिन अपना कैंडिडेट बदलना पड़ा। पहले घोषित कैंडिडेट अभिषेक सिन्हा ने नाम वापस लेने का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने उनकी जगह नीरज सिन्हा को नया उम्मीदवार बनाया है। बांकीपुर में 30 जुलाई को वोटिंग है और तीन अगस्त को काउंटिंग होगी। सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक के नामांकन पत्र में परिवार और एजुकेशन से जुड़ी जानकारी में गड़बड़ियों के चलते भाजपा ने यह फैसला लिया।

# ईरान बोला- इजराइल ने हमला किया तो नहीं बचेगा

## इजराइली पीएम ने कहा था- ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे, जरूरत पड़ी तो अटैक करेंगे



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके अहम ढांचे पर हमला हुआ तो उसका जवाब दिया जाएगा और इजराइल इससे नहीं बचेगा। सरकारी मीडिया के मुताबिक, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहम्मद बाघेर जोलगदर ने शुक्रवार को यह चेतावनी दी। इससे पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल किसी भी हाल में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ जंग अभी खत्म नहीं हुई है और जरूरत पड़ने पर फिर हमला कर सकते हैं। इजराइली वायुसेना के एक समारोह में नेतन्याहू ने कहा, 'अगर हमने कार्रवाई नहीं की होती तो ईरान अब तक परमाणु हथियार बना चुका होता।' साथ ही, इजराइली मीडिया में दावा किया गया है कि इजराइल ईरान पर फिर हमले के लिए तैयार है, लेकिन अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

अमेरिका ने बुशहर परमाणु ठिकाने के पास हमला किया-ईरान के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने बुशहर परमाणु ठिकाने को निशाना बनाते हुए हवाई हमला किया। हालांकि फैसिलिटी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। ईरान ने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं, ईरान ने अमेरिका के हमलो के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। हालांकि, इन देशों ने कई मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है।

**अमेरिका ने ईरान में चीन-रूस से जुड़े पुल पर हमला किया:** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका ने उत्तरी ईरान में चीन और रूस से जुड़े एक रणनीतिक रेलवे पुल पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। ईरान ने इसे युद्ध अपराध बताया।

**होर्मुज स्ट्रेट से तेल टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप:** रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव दोबारा बढ़ने के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही गुरुवार को ठप रही। इससे वैश्विक तेल सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ी और कच्चे तेल की कीमतों में करीब 1% की बढ़ोतरी हुई।

**ईरान ने एक रात में 1 करोड़ बैरल कच्चा तेल भेजा:** अल जजीरा के मुताबिक, ईरान ने एक ही रात में कम से कम 1 करोड़ बैरल कच्चा तेल और फ्यूल ऑयल निर्यात के लिए भेज दिया। अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी फिर से लागू होने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया।

### अमेरिका-ईरान तनाव से तेल आपूर्ति पर खतरा

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने चेतावनी दी है कि अमेरिका और ईरान के बीच फिर बढ़ते संघर्ष से दुनिया में तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और ऊर्जा संकट लंबा खिंच सकता है। IEA ने शुक्रवार को कहा कि अगर दोनों देशों के बीच लड़ाई जारी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा बाजार के जल्दी सामान्य होने की उम्मीद को बड़ा झटका लग सकता है। हालांकि, फिलहाल दोनों देशों की सैन्य कार्रवाई में कुछ कमी दिख रही है, जिससे कूटनीतिक बातचीत फिर शुरू होने की उम्मीद बनी है। लेकिन अमेरिकी सेना जरूरत पड़ने पर दोबारा हमला करने के लिए तैयार है।

### ईरान की चेतावनी- हुआ तो इजराइल नहीं बचेगा


ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके अहम ढांचे पर हमला हुआ तो उसका जवाब दिया जाएगा और इजराइल इससे नहीं बचेगा। सरकारी मीडिया के मुताबिक, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहम्मद बाघेर जोलगदर ने शुक्रवार को यह चेतावनी दी।

### लेबनान में कार पर इजराइली ड्रोन हमला

लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इजराइल के एक ड्रोन ने दक्षिणी लेबनान के कफर रेमान कस्बे में दोहा रोड पर चल रही एक कार को निशाना बनाया। रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन ने कार पर लगातार दो बार हमला किया। फिलहाल इस हमले में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

# वकील ने सीजेआई का नाम लेकर अपशब्द कहे...सुप्रीम कोर्ट में जजों को आदेश देने लगा

## फाइल फेंकी, सिक्योरिटी ने बाहर निकाला



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान एक वकील ने हंगामा किया। सीजेआई सूर्यकांत को अपशब्द कहे और फाइल भी फेंकी। इस दौरान सीजेआई कोर्ट रूम में मौजूद नहीं थे। यह घटना जस्टिस केवी विश्वनाथन, जस्टिस आलोक अराधे की बेंच के सामने हुई। हंगामे के बाद कोर्ट के आदेश पर सिक्योरिटी ने वकील को तुरंत बाहर निकाल दिया। जब उस याचिकाकर्ता वकील ने अभद्रता शुरू की, तब कोर्ट रूम में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। दिल्ली पुलिस वकील को पूछताछ के लिए ले गई है।

### जज बोले- वकील से सहानुभूति, पूरा मामला समझे


जिस वकील ने हंगामा किया उसका नाम प्रबल प्रताप था। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट से अपनी रिट याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। याचिका में अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें प्रबल की अर्जी पर पुलिस से जांच कराने के बजाय उसे निजी शिकायत मान लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई तो जज ने याचिकाकर्ता से पूछा आप खुद ही पैरवी करेंगे। इस पर प्रबल बोला- न्यायिक अधिकारी महोदय, मैं आपको आदेश देता हूं कि आप लखनऊ के **ACP** के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दें। इस पर जस्टिस केवी विश्वनाथन ने हैरानी जताते हुए पूछा- आप मुझे आदेश दे रहे हैं? जवाब में याचिकाकर्ता बोला- मेरी तरफ से बस इतना ही। सब कुछ रिकॉर्ड पर है। इसके बाद उसने केस की फाइल हवा में फेंक दी और गाली-गलौज करने लगा। हंगामे के बाद जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा- वह बहुत परेशान है, यह सब उसकी हताशा है। हमें उसके लिए केवल सहानुभूति है। हम उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते। जहां तक मामले की बात है, हमें विवादित आदेश में दखल देने का कोई ठोस आधार नहीं मिला।

### कोर्ट ने नहीं लिया एक्शन, लेकिन बार काउंसिल कर सकता है कार्रवाई

इस वकील के खिलाफ बार काउंसिल भी कार्रवाई कर सकता है। दरअसल, अगर कोई वकील अपने पेशे के नियमों का पालन नहीं करता या गलत आचरण करता है, तो उसके खिलाफ एडवोकेट्स एक्ट, 1961 के तहत कार्रवाई हो सकती है। पहले शुरुआती जांच होती है, अगर जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो उसे बार काउंसिल की अनुशासनात्मक समिति के पास भेजा जाएगा। वकील दोषी मिला तो उसे चेतावनी दी जा सकती है, कुछ समय के लिए वकालत करने से रोका जा सकता है। उसका नाम बार काउंसिल की सूची से हटाया जा सकता है।

# सैटेलाइट इमेज में राजस्थान-गुजरात से बादल गायब


**बिहार-झारखंड में बारिश का रेड अलर्ट; सुपर टायफून बावी से देश में धीमा पड़ेगा मानसून**



**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** देश ने पूरे मानसून को कवर कर लिया है, लेकिन आज सामने आई तस्वीरें परेशान करने वाली हैं। मौसम विभाग की सैटेलाइट इमेज में मध्य भारत में मानसून ज्यादा एक्टिव है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर तक बादल हैं। दूसरी ओर, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी हिस्सों में बादल कम हैं। यहां आने वाले दिनों में बारिश की कम संभावनाएं दिख रही हैं। देश के मानसून के लिए एक और बुरी खबर है। फिलीपींस के पास प्रशांत महासागर में सुपर टायफून बावी बना है। यह ताइवान और चीन की ओर बढ़ रहा है। इसका असर 3 से 4 हजार किमी दूर बंगाल की खाड़ी तक पड़ रहा है। जब तक यह तूफान चीन नहीं पहुंचता, तब तक बंगाल की खाड़ी में बारिश कराने वाला नया सिस्टम बनने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में दो दिन बाद देश के कई हिस्सों में बारिश कम हो सकती है।

# चेक बाउंस केस में राजपाल यादव को जेल:7.35 करोड़ चुकाने होंगे

## पत्नी पर जुर्माना, हाईकोर्ट बोला- कानून को फिल्मी ड्रामा न समझें



**शाहजहांपुर/नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव के चेक बाउंस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने उन्हें तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने चेक बाउंस के 7 मामलों में से हर एक में उन्हें तीन महीने जेल की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। जस्टिस स्वर्णकांता ने अफसरों से राजपाल को जेल भेजने के लिए कहा। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कहा- राजपाल यादव का रवैया संदिग्ध है। उन्हें अपना वादा निभाने और कंपनी का कर्ज वापस करने के लिए कई मौके दिए गए, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। एक्टर को अगले तीन महीने जेल में ही गुजारने होंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि कानून कोई ऐसी पटकथा नहीं है, जिसे कोई अभिनेता अपनी इच्छा के मुताबिक बदल दे।

### कोर्ट का आदेश- 7 करोड़ 35 लाख रुपए चुकाएं

कोर्ट ने कहा कि एक्टर को हर मामले में शिकायतकर्ता को 1.05 करोड़ रुपए देना होगा। यानी कुल 7 करोड 35 लाख रुपए चुकाने होंगे। जज ने साफ किया कि एक्टर करीब 2 करोड़ रुपए पहले ही दे चुके हैं, इस राशि को एडजस्ट किया जाएगा। पूरा मामला साल 2010 का है, जब राजपाल यादव ने अपनी एक फिल्म के लिए 5 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। बकाया रकम वापस न करने और चेक बाउंस होने के बाद यह विवाद लंबे समय से अदालत में चल रहा था।

### राजपाल ने कहा था- पांच बार जेल जाने को तैयार, लेकिन एक पैसा नहीं दूंगा

दिल्ली हाईकोर्ट में मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पेश वकील अवनीश सिक्का ने बताया- राजपाल यादव की ओर से दायर सभी 21 याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं। सेशंस कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। इस मामले में राजपाल यादव की पत्नी राधा राजपाल यादव भी आरोपी थीं। कोर्ट ने उन्हें हर मामले में 5 लाख रुपए जुर्माना भरने का आदेश दिया है। फैसला सुनाए जाने के दौरान राजपाल यादव के वकील ने उन्हें प्रोबेशन (राहत) देने की मांग की, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि राजपाल यादव ने पहले भी कई बार अदालत से किए गए वादों का पालन नहीं किया। कोर्ट ने यह भी माना कि अंतिम सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था, मैं पांच बार जेल जाने को तैयार हूं, लेकिन एक पैसा भी नहीं दूंगा।

### फिल्म अता पता लापता के लिए लिया था लोन

राजपाल यादव ने बतौर डायरेक्टर अपनी पहली फिल्म अता पता लापता बनाने का फैसला किया था। फिल्म बनाने के लिए उन्होंने मेसर्स मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई, जिसके बाद राजपाल यादव कर्ज की रकम समय पर नहीं लौटा पाए। रकम न चुकाने के कारण यह पूरा मामला कानूनी लड़ाई में बदल गया।


### साल 2018 में मिली थी छह महीने की सजा

अप्रैल 2018 में एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव और उनकी पत्नी राधा को दोषी ठहराया था। राजपाल को छह महीने जेल की सजा सुनाई थी। इसके बाद साल 2019 की शुरुआत में सेशंस कोर्ट ने भी इस फैसले को सही ठहराया था।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत डीग स्टेशन का हुआ कायाकल्प

## 15.24 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य पूर्ण, यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा डीग।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री गगन गोयल के मार्गदर्शन में आगरा मंडल के मथुरा-अलवर रेल खंड स्थित डीग रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत व्यापक पुनर्विकास कार्य पूर्ण कर लिया गया है। लगभग 15.24 करोड़ रुपये की लागत से किए गए इस विकास कार्य के पश्चात स्टेशन को आधुनिक, यात्री-अनुकूल एवं सुविधासंपन्न स्वरूप प्रदान किया गया है। डीग स्टेशन क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण पारगमन केंद्र है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इस स्टेशन का कायाकल्प किया गया है।पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत स्टेशन भवन का पूर्ण नवीनीकरण किया गया है तथा मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वारों को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। प्लेटफॉर्मों पर नए शेड लगाए गए हैं तथा आधुनिक बैठने की व्यवस्था एवं उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म सरफेसिंग का कार्य किया गया है। यात्रियों की सुविधा हेतु आधुनिक कोच पोजिशन डिस्प्ले सिस्टम, डिजिटल सूचना बोर्ड एवं उन्नत पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम स्थापित किए गए हैं। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण किया गया है तथा पार्किंग क्षेत्र को सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्टेशन को पूर्ण रूप से दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया गया है।

इसके अंतर्गत टैक्टाइल पाथ, रैंप, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, विशेष वाटर बूथ, व्हील चेयर एवं समर्पित पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं।स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु 12 मीटर चौड़ा फुटओवर ब्रिज स्थापित किया गया है। जन संपर्क अधिकारी श्री संजय कुमार गौतम ने बताया की डीग स्टेशन को आधुनिक, यात्री-अनुकूल एवं सुविधासंपन्न स्वरूप प्रदान किया गया है। इस पुनर्विकास से यात्रियों का सफर अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं सुविधाजनक होगा, साथ ही क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी।

## स्व.डॉ संदीप शर्मा को पोंख सीएचसी पर दी श्रंद्धाजलि

### द्वादश 12वां पर किए श्रद्धासुमन अर्पित, 5 साल के सफल कार्यकाल की लोगो ने की प्रशंसा



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** पोंख के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्व डॉ संदीप शर्मा को शुक्रवार को 12वें द्वादश पर भाव भीनी श्रंद्धाजलि अर्पित की गई।अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं जागरूक सेवा भावी लोगो ने डॉ संदीप के फोटो चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया। डॉ संदीप शर्मा ने पोंख सीएचसी पर 5साल 2महीने तक सेवाएं दी। यह मरीज का दिल जीतने वाले चिकित्सक थे। इनका हंसमुख मिलनानुसार व्यक्तित्व हर किसी को आकर्षित करने वाला था। डॉ संदीप के निधन के बाद उनके घर पर संवेदना प्रकट करने वाले लोगों की 12वे दिन तक कतार लगी रही। इनके साथ नौकरी करने वाले हॉस्पिटल के लोगों ने इनके जीवन से जु? कई काबीले तारीफ किस्से साझा किए। डॉ संदीप शर्मा की याद में नेवरी, किशोरपुरा एवं पोंख में बड़ी शोक सभाएं आयोजित की गई है। लोगो में गुढ़ा के श्रवण कुमार जोशी वैद्यजी के प्रति बड़ा लगाव है। वैद्यजी लोगो के दु:ख ओर सुख के साथी है। डॉ संदीप इनके दामाद थे। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा, रवींद्र सिंह पोंख, गोपाल सिंह शेखावत,डॉ आनंदीलाल लाल कुमावत चिकित्सा अधिकारी प्रभारी,डॉ एकता चौधरी चिकित्सा अधिकारी,मोहन लाल सैनी वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी,मूलचंद सैनी नर्सिंग अधिकारी,नेतराम सैनी,सुशीला सैनी,अमिला चौधरी,संजीव,संदीप चौधरी,संदीप कुमावत, ब्रह्मदत्त मीणा गुढ़ा,भवानी सिंह, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार मीणा, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल महावीर प्रसाद, शिक्षाविद् मंगल चंद सैनी,मनोज कसाना,सुनील खटाना,नरसी चंवरा,भविष्य, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## जेकेके में देश...दुनिया के मशहूर फनकार सितार, सरोद और स्लाइड गिटार साज पर सजाएंगे सुरीले सुर

**जयपुर।** विचित्र वीणा के अजीम फनकार पं.गोपाल कृष्ण शर्मा की जन्मशती वर्ष के उपलक्ष्य में यहां जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में शास्त्रीय संगीत संध्या बैठक-2026 की सुरीली जाजम बिछेगी। इसमें देश--दुनिया के मशहूर फनकार सितार, सरोद और स्लाइड गिटार साज पर सुरीले सुरों की खूबसूरत आईनबंदी करेंगे। गोपाल कृष्ण स्ट्रिंग्स फाउंडेशन की ओर से 17 जुलाई को शाम 5ः30 बजे होने वाली शास्त्रीय संगीत सभा में उस्ताद सईद जफर खान का सितार वादन, डॉ.चन्द्रिमा रॉय मजुमदार का सरोद वादन और अक्षत शर्मा का स्लाइड गिटार वादन होगा। तबले पर अख्तर हसन और दिनेश खींची संगत करेंगे। गोपाल कृष्ण स्ट्रिंग्स फाउंडेशन की डायरेक्टर स्वाति शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में डॉ.चन्द्रेश बैद और प्रो.डॉ. मायारानी टाक मौजूद रहेंगे।

## सांगोद में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित



**सांगोद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांगोद द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ कांग्रेस राजस्थान के नवनियुक्त कोटा देहात जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी भोजराज गुर्जर ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ कांग्रेस राजस्थान द्वारा पूर्व पंचायत समिति उपप्रधान गजराज सिंह हाड़ा को कोटा देहात जिला अध्यक्ष, भुवनेश तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष, घनश्याम नागर को प्रदेश महासचिव, दौलतराम गुर्जर को प्रदेश सचिव तथा लाडपुरा के पूर्व प्रधान राजेन्द्र मेघवाल को प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर सांगोद में उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान की मूल भावना को मजबूत करने के लिए कांग्रेस सदैव प्रतिबद्ध रही है।

उन्होंने कहा कि नवमनोनीत पदाधिकारी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुए समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की आवाज़ को मजबूती प्रदान करेंगे तथा संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएंगे। पंचायत समिति सांगोद के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा योग्य एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपना कांग्रेस की कार्यकर्ता-आधारित परंपरा का परिचायक है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांगोद के अध्यक्ष मिर्ज़ा शकील अहमद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा, सामाजिक न्याय और संगठन के प्रति समर्पित प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आमजन के अधिकारों की लड़ाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।समारोह में मुख्य रूप से सांगोद मंडल अध्यक्ष ऋषिराज मीणा, कुंदनपुर मंडल अध्यक्ष देवलाल गुर्जर, कमोलर मंडल अध्यक्ष विशाल तिवारी, अफ़सार प्रधान, युवक कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक आशीष गोचर, राजेंद्र गहलोत, रामू काका, जगदीश मीणा, अंकुश शर्मा, मोहम्मद इब्राहीम, वसीम जलाल, बनवारी लाल मीणा, जगदीश नागर, तिरलोक मीणा, सी.पी. नागर, मुसव्वीर खान, दिनेश सुमन, निरंजन जैन, दिनेश सोनी, शहजाद खान, नंदगोपाल गोचर, रहमान अंसारी, चन्द्रशेखर चौधरी, बालचंद मेघवाल, राधेश्याम मीणा , सलीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## गौ सेवा टीम ने गौशाला में किया चारा वितरण, गौ माताओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** जीव दया एवं गौ सेवा के संकल्प को साकार करते हुए गौ सेवा टीम कोटा के सदस्यों ने शुक्रवार को भामाशाह मंडी स्थित श्री रामानंद आश्रम गौशाला में सेवा कार्य किया। टीम के सभी गौ रक्षक भाइयों ने गौशाला पहुंचकर गौ माताओं के लिए उत्तम गुणवत्ता के चारे की व्यवस्था की तथा अपने हाथों से चारा खिलाकर सेवा का भाव प्रकट किया। सेवा कार्य के उपरांत सभी सदस्यों ने विधि-विधान से गौ माता का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गौ संरक्षण, जीव दया और समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया। इस सेवा अभियान का नेतृत्व गौ सेवा टीम के अध्यक्ष जीतू मीणा ने किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म है। हमारी टीम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र में कोई भी गौ माता भूखी या बेसहारा न रहे। सभी गौ रक्षक भाइयों के सहयोग से यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है और भविष्य में भी हमारी यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में गौ सेवा टीम के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नियमित रूप से गौ सेवा के लिए समाज के अधिक से अधिक लोगों को आगे आने का आह्वान किया।

# बारां के किसानों-व्यापारियों को बड़ी सौगात, सुन्दलक से पहली कंटेनर रेक बेंगलुरु रवाना

## 2670 टन गेहूं का रेलमार्ग से परिवहन, दक्षिण भारत के बाजारों तक तेज, सुरक्षित और किफायती पहुंच का नया विकल्प

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** बारां जिले के किसानों, व्यापारियों एवं कृषि आधारित उद्योगों के लिए बड़ी राहत के रूप में सुन्दलक गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (बीजीपीएस) से पहली घरेलू (डोमेस्टिक) कंटेनर रेक का सफल संचालन किया गया। इस नई सुविधा से क्षेत्र की कृषि उपज एवं अन्य उत्पाद अब देश के दूरस्थ बाजारों तक तेज, सुरक्षित और किफायती रेल परिवहन के माध्यम से पहुंचाए जा सकेंगे। पहली घरेलू कंटेनर रेक में मैसर्स भगवत प्रॉपर्टीज एलएलपी (बीजीपीएस) द्वारा 45 बीएलसी (बोगी लो कंटेनर) वैगनों में 2670.50 टन गेहूं का लदान कर व्हाइटफील्ड सैटेलाइट गुड्स टर्मिनल, बेंगलुरु के लिए रवाना किया गया। इससे दक्षिण भारत के बड़े उपभोक्ता बाजारों तक राजस्थान के गेहूं की सीधी पहुंच सुनिश्चित हुई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि कंटेनर आधारित रेल परिवहन से माल की सुरक्षा बेहतर रहती है तथा बड़ी मात्रा में सामान एक साथ कम लागत में लंबी दूरी तक भेजा जा सकता है। इससे परिवहन समय में कमी आने के साथ व्यापारियों की लॉजिस्टिक लागत भी घटेगी और किसानों को अपनी उपज के लिए व्यापक बाजार उपलब्ध होंगे। भविष्य में नियमित कंटेनर रेक संचालन से क्षेत्र के व्यापार, कृषि एवं उद्योगों को और अधिक गति मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस रेक के संचालन से रेल प्रशासन को 48.44 लाख रुपये का मालभाड़ा प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि सुन्दलक गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ 17 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत निजी क्षेत्र के सहयोग से किया गया था। यह आधुनिक बहुविध कार्गो टर्मिनल दक्षिण-पूर्व राजस्थान के किसानों, व्यापारियों एवं उद्योगों को रेल मार्ग से माल परिवहन की आधुनिक एवं सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध करा रहा है। रेल प्रशासन का उद्देश्य इस टर्मिनल से नियमित घरेलू कंटेनर सेवाओं का विस्तार करना है, ताकि क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद देश के विभिन्न राज्यों तक प्रतिस्पर्धी लागत पर पहुंचाने की बेहतर सुविधा मिल सके। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, नए व्यावसायिक अवसर विकसित होंगे तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी।



## छापोली ग्रामीण सेवा शिविर में 26 पशु पालकों को बीमा पॉलिसी का वितरण

### शिविर में ग्रामीणों को वितरित किए 16 पट्टे



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुशील दाधीच/उदयपुरवाटी।** पंचायत छापोली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में पशु पालक को 40 हजार रुपए का चैक देते अधिकारी पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत छापोली में शुक्रवार को लगे ग्रामीण सेवा शिविर में 26 पशु पालकों को बीमा पॉलिसी बांड वितरित किए गए। एक पशु पालक को बीमित गाय की मौत होने पर 40 हजार रुपए का चैक प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार एसडीओ सुमन सोनल की अध्यक्षता में लगे ग्रामीण सेवा शिविर में पशु पालन विभाग की ओर से मंगला पशु बीमा पॉलिसी का वितरण किया गया। एक बीमित गाय की मौत होने पर पीडित किसान शांति देवी को बीमा क्लेम के रूप में 40 हजार रुपए का चैक दिया गया। बीडीओ पूर्णमल के मुताबिक पंचायती राज विभाग द्वारा 16 ग्रामीणों को पट्टे वितरित किए गए। पांच शौचालय के लिए आर्थिक सहायता मंजूर की गई। पालनहार योजना के तहत पांच प्रकरणों का सत्यापन किया गया। परिवहन विभाग द्वारा दो यात्रा पास जारी किए गए। इस मौके पर तहसीलदार जेआर कूडी, प्रशासक कमला सैनी, बीडीओ पूर्णाराम मेघवाल, रामलाल सैनी, एबीडीओ रवि मीणा, डॉ. रामनाथ सैनी, कजोड मीणा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रामनिवास खर्रीटा आदि मौजूद थे। शिविर में 22 विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया।

## ऐतिहासिक गांव सिनसिनी से सेत तक की सड़कें बदहाल, प्रशासन की लापरवाही से ग्रामीण परेशान

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा डीग।** जिले के ऐतिहासिक गांव सिनसिनी में जाकर सड़क रोड का निरीक्षण करने पाया कि सेत से सिनसिनी तक जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने के कारण आमजन, किसान, छात्र-छात्राओं एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने से आवागमन और भी कठिन हो जाता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। एडवोकेट स्वेता यादव जिला अध्यक्ष महिला कॉंग्रेस डीग द्वारा बताया गया कि ग्रामीणों का कहना है ये रोड सेत से सिनसिनी तक स्वीकृत है परंतु कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं प्रशासन को सड़क की दुर्दशा से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही के कारण क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है।जिलाध्यक्ष एडवोकेट श्वेता यादव एवं ग्रामीणों द्वारा कहा कि जल्द ही सड़क का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर सार्वजनिक निर्माण विभाग डीग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव करके जन आंदोलन किया जायेगा । जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# 108 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ आज



**दीपचंद शर्मा जयपुर।** श्री भन्दे बालाजी महाराज की असीम कृपा से श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के तत्वावधान में संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में आज शनिवार, 11 जुलाई को भांकरोटा स्थित हेरिटेज रिसॉर्ट में एक ही आसन पर 108 श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस अनूठे धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ बैठकर श्री हनुमानजी की भक्ति में लीन होकर सामूहिक पाठ करेंगे। संत अमरनाथ महाराज ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन पहली बार किया जा रहा है, जिसमें सभी साधक एक ही आसन पर बैठकर अनुशासित एवं सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। उन्होंने कहा कि सामूहिक पाठ से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा तथा समाज में भक्ति, संस्कार, एकता एवं सकारात्मक वातावरण का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि 108 साधक 108 नारियल के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे, जबकि उनके साथ सैकड़ों श्रद्धालु अपने हाथ में एक-एक नारियल लेकर सामूहिक पाठ में सहभागिता निभाएंगे। यह आयोजन श्री भन्दे बालाजी महाराज की कृपा एवं आशीर्वाद से श्रद्धा और भक्ति का एक अद्भुत संगम बनेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन 108 पाठ करने वाले भक्तों को सम्मानित किया जाएगा। समिति द्वारा उनके सम्मान की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि उनकी श्रद्धा एवं भक्ति का सम्मान किया जा सके तथा अन्य श्रद्धालु भी धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित हों। आयोजन में महिलाओं द्वारा भव्य महाआरती की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर श्री हनुमानजी की आराधना करेंगे। महाआरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए पंगत प्रसादी की व्यवस्था रहेगी, जहाँ सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। समिति द्वारा आयोजन में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से ही प्रवेश की व्यवस्था की गई है, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से सम्पन्न हो सके। साथ ही श्रद्धालुओं को अर्थ सहित श्री हनुमान चालीसा का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा, ताकि वे केवल पाठ ही नहीं, बल्कि उसके आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को भी समझ सकें। श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महाआयोजन में सहभागिता निभाने की अपील की है तथा श्री भन्दे बालाजी महाराज एवं पवनपुत्र श्री हनुमानजी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है ।

## पूज्य सिंधी पंचायत ब्रह्मपुरी के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों को राशन कीट वितरित की

**जयपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत ब्रह्मपुरी के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों को आटा, दाल, चीनी, तेल, मसाले आदि की राशन कीट वितरण की कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम गुलवानी ने बताया कि कार्यक्रम में युवा जागृति संगठन अध्यक्ष समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, बबल किशोर, नरेंद्र जेठवानी, दीपक टहलानी, करन अलवानी, अशोक कुमार हरलानी, प्रमोद नावानी, हरीश सरानी, टोनी टहलवानी, भागचंद थावानी, राजेश गोपालानी, राजेश टहलानी , हेमंत चांदवानी, बंटी लालवानी, नवल किशोर सोनी, योगेश वाधवानी, अंजना त्रिलोकानी, पदमा हेमानानी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ये सेवा हर महीने की 10 तारीख से निरंतर जारी रहेगी।

## श्री शिव महापुराण दिव्य कथा का शुभारंभ

**कोटा।** गिर्राज धाम कॉलोनी, सोगरिया (कोटा) में शुक्रवार को श्री शिव महापुराण दिव्य कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने भाग लेकर भगवान शिव के जयकारों के साथ नगर को भक्तिमय बना दिया। कथा के प्रथम दिवस में कथा व्यास पंडित पवन तिवारी जी ने श्रद्धालुओं को देवराज की कथा तथा बिन्दुक एवं चंचुला की कथा का रसपूर्ण एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। साथ ही उन्होंने शिव महापुराण कथा श्रवण के नियमों एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं से श्रद्धा, अनुशासन एवं पूर्ण मनोयोग से कथा श्रवण करने का आग्रह किया।

## नर्सेज का धरना 28 वे दिन भी जारी, प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** संविदा नर्सिंग कर्मी स्व.दीपक खारवाल की मृत्यु को 28दिन बीत जाने के बाद भी आज तक सरकार एवं प्रशासन द्वारा कोई राहत पूर्ण आदेश जारी नहीं किया है। इसी के चलते शुक्रवार को 28 वें दिन भी सवाई मान सिंह चिकित्सालय के गेट पर अशोक यादव, के के यादव, रोशन शर्मा, विमल शर्मा के नेतृत्व में धरना जारी रहा। नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय संयोजक, नरेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र राना, पवन मीणा, चंद्रकांत शर्मा, विनीता शेखावत, गुड्डी सैनी, जे पी कस्वां, हरी सिंह भाटी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक द्वारा पीड़ित संविदा नर्सेज की पैरवी स्वयं करने के भरोसे पर ऑन रोड प्रदर्शनो को रोका गया है ना कि आन्दोलन खत्म किया है। जयपुर सहित बिभिन्न जिलों में सांकेतिक धरने जारी है। यदि सरकार ने सात दिन में मांगे पूरी नहीं कि तो जयपुर में प्रदेश स्तरीय मीटिंग बुला कर कर्मचारी महासंघो के साथ मिलकर सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू किये जायेंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। वही जीवन से हार मान बैठी स्व .दीपक की पत्नी करिश्मा जो भारी मानसिक सदमे है,आज तक भी आईसीयू में उपचाररत है।

## समाजसेवी हर्ष प्रजापति का जन्मदिन मनाया



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** बीबीसी (BBC) क्लासेस के डायरेक्टर टोनी सैनी व मालवीय नगर के पार्षद करण शर्मा ने हर्ष प्रजापति का जन्मदिन मनाया। समाजसेवी हर्ष प्रजापति का जन्मदिन manya गया जिसमें टोनी सैनी, करण शर्मा, अजय बना, चाचा गज्जू, मीना, देव गुर्जर, पवन गुर्जर, लकी कटारिया, अमित बघेल हिमांशु अजय सैनी, विपिन नितिन अंकित संगत निखिल शिवम सैनी मोहित गुर्जर सौरभ निक्कू सचिन ऋषि आदि मौजूद रहे।


## एकादशी पर फूल बंगले में बिराजे लखदातारः अखंड ज्योति प्रज्वलित कर श्याम प्रभु को रिझाया

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**जयपुर।** छोटीकाशी के श्याम मंदिरों में श्याम सेवी संस्थाओं की ओर से एकादशी पर श्याम बाबा का दरबार सजाकर भजन संध्या आयोजित की गई। मानसरोवर में अग्रवाल फार्म सेक्टर 113 के श्याम पार्क में म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था द्वारा बाबा श्याम की फूल बंगला झांकी सजाई। अलौकिक दरबार सजाकर भजन संध्या का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। शीतलता प्रदान करने वाले व्यंजनों का भोग लगाया गया। अखंडज्योत प्रज्जवलित कर श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। अनेक गायक कलाकारों ने बाबा श्याम के दरबार में भजनों से बाबा श्याम का गुणगान किया।

## चालीहा महोत्सव मैं होगा प्रसाद वितरण



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** आडवाणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सदगुरु टेउँराम चालीहा महोत्सव के अंतर्गत 5 दिन तक प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष हितेष आडवाणी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत ट्रस्ट की ओर से स्वामी टेउँराम जल मंदिर, सेक्टर 9, मालवीय नगर 10 से 15 जुलाई तक रोजाना सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## तोषनीवाल बने प्रदेश सचिव



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश अनुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम स्वामी ने आशीष तोषनीवाल को राजस्थान प्रदेश सचिव नियुक्त किया है ।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय साईवाड़ शाहपुरा में नालसा आशामानक संचालन प्रक्रिया (SOP ) के अंतर्गत शिविर आयोजित

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय साईवाड़ तहसील शाहपुरा में नालसा आशामानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता प्रिंसिपल वृद्धि चंद्र यादव द्वारा की गई।

अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बाल विवाह को रोकना एवं पीड़ितों का पुनर्वास करना है। इसके लिए नालसा के निर्देशन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, नाबालिग छोटी उम्र के बालक बालिकाओं की शादी रोकना है। इस उद्देश्य के लिए आशा युनिट का गठन प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा किया जाता है। जिनमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, बाल कल्याण समिति के सदस्य, न्यायिक अधिकारी सम्मिलित होते है। इनके आदेश से ही हर गांव-गांव, आशा सहयोगिनियों, ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, आशाकर्मियों, पैनल एडवोकेट, पैरा लीगल वॉलिन्टियर के संयुक्त तत्वावधान में स्कूलों कॉलेजों, पंचायत में एवं प्रचार-प्रसार के द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूक किया जाता है। बाल विवाह कानूनी अपराध है। छोटी उम्र की शादी, ना शिक्षा, ना शारीरिक विकास, यह कैसी नादानी, पीड़ित परिवार के जीवन भर ऑखों में पानी। बाल विवाह कानूनी अपराध है, ऐसी शादी करने वाले को 2 वर्ष का कारावास एवं एक लाख रूपये का जुर्माना लगाया जाता है। बाल विवाह में जाने वाले सभी व्यक्तियों पंडित, हलवाई, नाई, बैंड पार्टी, बराती, टैंक हाउस के मालिक सभी दोषी है। इन्हें भी सजा दी जाती है। बाल विवाह निषेध प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत पुलिस को बाल विवाह की सूचना मिलते ही बाल विवाह में सम्मिलित लोगों को बिना गिरफ्तारी वारंट जारी किये भी गिरफ्तार कर सकती है। नालसा जाग्रति योजना 2025 बाल विवाह रोकथाम के लिए आशा युनिट का गठन गुप्त सुचना तंत्र के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम के लिए गांव गांव ढाणी-ढाणी के लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर प्रिंसिपल वृद्धि चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को बताया कि नाबालिग लड़के-लड़कियां एक कच्ची मिट्टी से बने घड़े की तरह होते है। वर्षा के पानी से, या आकस्मिक ठोकर से उस कच्ची मिट्टी के घड़े का जीवन छण-भगुंर है, उसी तरह अपरिपक्व अवस्था में होनेवाली शादी का कोई अस्तित्व नहीं है। कानूनी तौर पर यह नाबालिग लड़की से बलात्कार के पॉक्सो एक्ट के अपराधिक गतिविधियों के अंतर्गत आते है। अगर नाबालिग लड़की के द्वारा उत्पन्न संतान भी कुपोषण का शिकार होती है। उस उत्पन्न बच्चे के जीवन का कार्यकाल भी अन्धकार मय होता है।

इस शिविर में सीता मीणा, उपप्राचार्य, सुभय सिंह, सांवरमल यादव, तेजपाल यादव, अशोक जांगिड़, रवि कुमार, अभिषेक शर्मा, योगेश वर्मा सहित लाभार्थियों की संख्या 155 रही। इस अवसर पर प्रिंसिपल वृद्धि चंद्र यादव ने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा मां के नाम लगाने के लिए शपथग्रहण कराई।

# धरती को हरियाली का प्रणामः देववृक्ष मानकर पौधों की पूजा, पर्यावरण बचाने की सामूहिक शपथ

### प्रकृति बनी आराध्य, पौधे बने देववृक्ष रातलिया में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प





● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए बगरू के रातल्या गांव में शुक्रवार को एक अनूठा एवं प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी दिनेश बागड़ा व कृष्ण बागड़ा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत पौधों को देववृक्ष मानकर विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय, राम देव मंदिर, मदरामपुरा बालाजी मंदिर, एवं संत मस्तराम बाबा की बगीची में ग्रामीणों ने 51 पौधों पर तिलक लगाया, जल अर्पित किया और उन्हें धरती का आशीर्वाद मानते हुए रक्षा सुत्र श्रद्धा के साथ रोपित किया। इस अनोखी पहल ने यह संदेश दिया कि यदि पौधों को केवल रोपा ही नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य और देवतुल्य मानकर उनका संरक्षण भी किया जाए, तभी पर्यावरण बचाने का अभियान सफल होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने अपने हाथों से पौधे लगाए और यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की नियमित देखभाल करेंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करेंगे। उपस्थित लोगों ने कहा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता, स्वच्छ वातावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। इस अवसर पर सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर बिल्व पत्र, मौलश्री, जामुन, पीपल, गुलर, आदि के 51 पौधे लगाये गये। इस अवसर पर भगवान सहाय शर्मा, बिहारी लाल बागड़ा, विष्णु शर्मा , शुभम लोदवाल, प्रधानाचार्य विधा शर्मा, अमिता शर्मा, ममता राठौड़, सुधा शर्मा, नाथुलाल बैरवा, नछीलाल बैरवा, सहित विद्यालय के छात्र- छात्राएं एवं महिला मौजुद थी।

# फोर्टी में 'अंगदान महादान' पर सेमिनार

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) कार्यालय में अंगदान महादान अभियान पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें अंगदान करने वाली पुण्यआत्मा उर्मिला सहारण, नेत्रदान करने वाली उर्मिला गोयल, त्वचा दान करने वाली अनीता गोयल को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व आईएएस और समाजसेवी महावीर प्रसाद वर्मा ने कहा कि अंगदान को लेकर समाज में फैली भ्रांतियां को दूर करने की आवश्यकता है, हमारे देश में 140 करोड़ की आबादी है लेकिन ट्रांसप्लांट के लिए 50 हजार लीवर उपलब्ध नहीं होते यह चिंता का विषय है। फोर्टी संरक्षक सुरजा राम मील ने कहा कि एक व्यक्ति अंगदान करके कई लोगों को नया जीवन को दे सकते हैं, नेत्रदान से उनके जीवन में रोशनी लाई जा सकती है, इससे बड़ा पुण्य का कोई काम नहीं है ,समाज के हर वर्ग को इस महादान के लिए आगे आना चाहिए। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कहा कि फोर्टी आर्थिक उत्थान के साथ सामाजिक सरोकारों में भी आगे रहता है, हम अंगदान के लिए पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाएंगे, जिसकी शुरुआत जयपुर में एक बड़े कार्यक्रम से की जाएगी। कार्यक्रम में समाजसेवी कृष्ण सहारण ने भी अंगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। सेमिनार में फोर्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पी डी गोयल, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के साथ काफी संख्या मे समाजसेवियों और उद्यमियों ने भाग लिया।

# पीआरसीआई जयपुर चैप्टर और मोदी यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

### विद्यार्थियों को मिलेगा इंडस्ट्री एक्सपोज़र, इंटर्नशिप और प्रोफेशनल ट्रेनिंग का अवसर

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**जयपुर/लक्ष्मणगढ़।** उद्योग और शिक्षा जगत के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (PRCI) जयपुर चैप्टर एवं मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, लक्ष्मणगढ़ के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को जनसंपर्क, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, मीडिया एवं लीडरशिप के क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग से सीधे जुड़ने का अवसर उपलब्ध कराना है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में मोदी यूनिवर्सिटी की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. विनोद पुरोहित, प्रोफेसर डॉ आशुतोष भारद्वाज,प्रेसिडेंट सीए संजीव अग्रवाल,वाइस प्रेसिडेंट तथा पीआरओ डॉ. राजीव सिंह उपस्थित रहे। वहीं पीआरसीआई जयपुर चैप्टर का प्रतिनिधित्व चेयरमैन सोमेन्द्र हर्ष, वाइस चेयरपर्सन अंशु हर्ष, सचिव सनी कुलश्रेष्ठ तथा सहसचिव (एमओयू एवं पार्टनरशिप) राहुल बाबू कोडाली ने किया। एमओयू के तहत विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान, कॉर्पोरेट इंटरैक्शन, मीडिया सेशन, कार्यशालाएँ, सेमिनार, इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स, लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम, प्रोफेशनल नेटवर्किंग तथा विभिन्न स्किल डेवलपमेंट गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने तथा रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद पुरोहित ने कहा कि यह साझेदारी विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ उद्योग की व्यावहारिक समझ प्रदान करेगी, जिससे उनके करियर विकास को नई गति मिलेगी। पीआरसीआई जयपुर चैप्टर के चेयरमैन सोमेन्द्र हर्ष ने कहा कि पीआरसीआई का उद्देश्य शिक्षा संस्थानों और उद्योग जगत के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना तथा नई पीढ़ी को जनसंपर्क एवं संचार के क्षेत्र में सक्षम नेतृत्व के रूप में तैयार करना है। यह एमओयू उसी सोच का परिणाम है। सचिव सनी कुलश्रेष्ठ ने बताया कि दोनों संस्थाएँ समय-समय पर संयुक्त कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी, जिनमें विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों से संवाद, व्यावहारिक प्रशिक्षण और नेटवर्किंग के अवसर प्राप्त होंगे। सहसचिव (एमओयू एवं पार्टनरशिप) राहुल बाबू कोडाली ने कहा कि यह समझौता शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग का एक प्रभावी मॉडल बनेगा तथा विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। दोनों संस्थानों ने भविष्य में नवाचार, ज्ञान के आदान-प्रदान, शोध, प्रोफेशनल उत्कृष्टता एवं समाजहित से जुड़े संयुक्त कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## लाम्बी धाम में हुआ 'भाग्यशाली भजनलाल पर कृपा दया निधान की' लोकगीत का पोस्टर विमोचन



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** देश के लोकप्रिय लोककवि कमल मनोहर द्वारा रचित लोकगीत भाग्यशाली भजनलाल पर कृपा दया निधान की का पोस्टर विमोचन लाम्बी धाम, गठवाड़ी में पूज्य पीठाधीश्वर श्री श्री सीताराम दास जी महाराज के करकमलों द्वारा किया गया। लोकगीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पाचना बांध परियोजना की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस गीत की रचना जयपुर ग्रामीण के मनोहरपुर निवासी लोककवि कमल मनोहर ने की है, जबकि इसे लोकप्रिय लोकगायक प्रकाश गुर्जर ने अपनी मधुर आवाज दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी कवि कमल मनोहर और गायक प्रकाश गुर्जर की जोड़ी द्वारा भजनलाल जी यमुना लाया म्हारी शेखावाटी लोकगीत रिलीज किया जा चुका है, जिसे शेखावाटी सहित पूरे राजस्थान में व्यापक सराहना मिली थी ।पोस्टर विमोचन समारोह में लाम्बी धाम के पीठाधीश्वर श्री श्री सीताराम दास जी महाराज, सरपंच बाबूलाल मीणा, पंचायत समिति सदस्य अंकित शर्मा, रोहित गुर्जर, भाजपा नेता अजय लाटा, लोकेश ज्योतिषी, संतोष प्रजापति, छैला जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अहिंसा सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**जयपुर।** अहिंसा, प्राणी-कल्याण, शाकाहार, जल-संरक्षण, गौ-सेवा के लिए सेवा भाव से कार्य करने वाले चुनिंदा पांच प्रतिभाओं को अहिंसा सेवा सम्मान-2026 से सम्मानित किया जाएगा। संयोजक कमल लोचन ने बताया कि 2 अगस्त को जयपुर अहिंसा फेस्टिवल अवसर पर यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। अहिंसा सेवा सम्मान के लिए 15 जुलाई तक पक्षी चिकित्सालय, मालवीय नगर, जयपुर में प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है।

# एसएमएस समेत 3 क्रिकेट स्टेडियमों में खेल गतिविधियों पर रोक

## पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी पर एनजीटी की सख्ती, 17 अगस्त को अगली सुनवाई



**जयपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम समेत देश के 3 प्रमुख क्रिकेट स्टेडियमों को लेकर बड़ा आदेश जारी किया है। हत्ज्ञ ने पर्यावरणीय नियमों के पालन में कथित लापरवाही को गंभीर मानते हुए इन स्टेडियमों में सभी खेल गतिविधियों पर अंतरिम रोक लगा दी है। जिन 3 क्रिकेट स्टेडियमों में सभी खेल गतिविधियों पर अंतरिम रोक लगाई गई है, उनमें स्स्र् स्टेडियम के अलावा रायपुर (छत्तीसगढ़) के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और मुंबई के डॉ. डी.वाई. पाटिल स्टेडियम भी शामिल है। एनजीटी ने स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई (17 अगस्त) तक या फिर ट्रिब्यूनल से विशेष अनुमति मिलने तक इन तीनों स्टेडियमों में किसी भी प्रकार का क्रिकेट मैच या अन्य खेल आयोजन नहीं किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा- संबंधित स्टेडियमों को पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए गए थे। इन नोटिसों के जरिए पहले दिए गए पर्यावरणीय निर्देशों के अनुपालन की जानकारी और जवाब मांगा गया था, लेकिन बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आदेशों की पालना जरूरी

दरअसल, एनजीटी ने पहले इन स्टेडियमों को भूजल का इस्तेमाल कम करने, मैदानों के रख-रखाव और सिंचाई के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (स्ञक्क) से निकलने वाले ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल करने और वर्षा जल संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) की प्रभावी व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए थे। ट्रिब्यूनल बड़े खेल परिसरों में जल संरक्षण को बढ़ावा देना और भूजल पर निर्भरता कम करना चाहता था। एनजीटी ने माना कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े उसके आदेशों का पालन सुनिश्चित करना सभी संस्थाओं की जिम्मेदारी है। ऐसे में अगर किसी संस्था की ओर से निर्देशों का पालन नहीं किया जाता या अनुपालन रिपोर्ट समय पर दाखिल नहीं की जाती है तो ट्रिब्यूनल आवश्यक अंतरिम आदेश पारित कर सकता है।

### मामले में अगली सुनवाई 17 अगस्त को

अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को निर्धारित की गई है। इस दौरान संबंधित स्टेडियम प्रबंधन को ट्रिब्यूनल के सामने अपने पक्ष के साथ यह भी बताना होगा कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े निर्देशों का पालन किस स्तर तक किया गया है। इसके बाद ही आगे खेल गतिविधियों पर लगी रोक को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# विधानसभा में 15 जुलाई को जुटेंगे सभी पूर्व और मौजूदा-विधायक

## देवनानी बोले- 23 ऐतिहासिक कानूनों पर अनुभव साझा करेंगे सीनियर नेता; राजस्थान विधानसभा के 75 साल पूरे



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के 75 साल पूरे होने पर 15 जुलाई से लेकर एक साल तक अलग-अलग कार्यक्रम किए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा- विधानसभा के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की शुरुआत 15 जुलाई से होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समारोहों का उद्घाटन करेंगे। समापन समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र में पहली विधानसभा से लेकर सभी पूर्व और मौजूदा विधायकों को बुलाया जाएगा। इस दिन सभी वरिष्ठ विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व विधानसभा अध्यक्षों, उपाध्यक्षों का सम्मान किया जाएगा। सम्मेलन में लोकतंत्र की यात्रा, संसदीय अनुभवों, चुनौतियों और विधानसभा के डिजिटलाइजेशन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

### सालभर चलेंगे अमृत महोत्सव के चार प्रमुख कार्यक्रम

स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा-विधानसभा के 75 साल पूरे एक साल तक अमृत महोत्सव के तहत चार प्रमुख कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में संसदीय और संविधान विशेषज्ञों के विशेष सत्र होंगे। इन सत्रों में लोकतंत्र की मजबूती, विधायी प्रक्रिया और संवैधानिक मूल्यों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### 23 ऐतिहासिक कानूनों पर वरिष्ठ नेता सुनाएंगे अनुभव

वासुदेव देवनानी ने कहा- अमृत महोत्सव के पहले कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा में अब तक पारित 23 महत्वपूर्ण कानूनों पर विशेष चर्चा कराई जाएगी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री इन कानूनों पर अनुभव साझा करेंगे। राजस्थान में जागीरदारी प्रथा खत्म करने और किसानों को जमीन का मालिक बनाने के लिए पारित राजस्थान भूमि सुधार जागीर पुनर्ग्रहण अधिनियम-1952, राजस्थान जमींदारी बिस्वेदारी उन्मूलन अधिनियम-1959 पर वरिष्ठ नेता अनुभव साझा करेंगे। राजस्थान में पंचायतीराज लागू करने के लिए पारित कानून, राजस्थान प्राथमिक शिक्षा अधिनियम-1964 सहित 23 कानूनों पर नेता अपने अनुभव सुनाएंगे।

# अब गांवों में श्मशानों तक पहुंचने के रास्ते देगी सरकार

## जमीन आरक्षित होगी, अतिक्रमण हटेंगे, राजस्व विभाग ने कलेक्टर्स को दिए आदेश




**जयपुर।** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में श्मशानों की जमीनों और उन तक पहुंचने के लिए अब रास्ते बनाए जाएंगे, वहीं श्मशानों की जमीन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज होगी। कई जगह श्मशानों की जमीन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होने से विवाद होते हैं। सरकार ने इन विवादों को खत्म करने का फैसला किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविरों में श्मशान की जमीनों को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। साथ ही श्मशानों तक पहुंचने के लिए रास्ते खुलवाए जाएंगे। इसको लेकर राजस्व विभाग ने सभी कलेक्टर्स को चिट्ठी लिखकर श्मशानों की जमीनों का रिकॉर्ड सुधारकर उन तक पहुंचने केच लिए रास्ते बनाने के आदेश दिए हैं। राजस्व विभाग की चिट्ठी के अनुसार प्रदेश के कई गांवों में श्मशान चालू हैं, लेकिन श्मशान की जमीन राजस्व रिकॉर्ड (जमाबंदी) में दर्ज नहीं है। कई जगहों पर श्मशान की जमीन का कानूनी रूप से आरक्षण नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कामों में सामाजिक असुविधा, अतिक्रमण और जमीन विवाद जैसे मामले सामने आते हैं।

### कलेक्टरों को आदेश, श्मशान तक पहुंचने के रास्ते खुलवाएं

श्मशान की जमीनों से जुड़े विवादों को ग्रामीण सेवा शिविरों में सुलझाया जाएगा। जिन श्मशानों की जमीन का सरकारी रिकॉर्ड में जिक्र नहीं है, उन श्मशानों की जमीन को सरकारी जमाबंदी में दर्ज करने के आदेश दिए हैं। गांवों में श्मशान की जमीनों का भौतिक सत्यापन करते हुए सीमांकन करना होगा। श्मशानों से अतिक्रमण हटाने होंगे। श्मशान की जमीन का नाप जोख कर सरकारी जमाबंदी में रिकॉर्ड दर्ज करना होगा। राजस्व विभाग ने श्मशानों तक रास्ते खुलवाकर उन्हें पंचायतों के सुपुर्द करने के आदेश दिए हैं।

### नए श्मशानों के लिए जमीन आवंटित होगी

राजस्व विभाग ने कलेक्टरों को गांवों में श्मशानों के लिए जमीन आरक्षित करने को कहा है। जहां श्मशान के लिए जमीन की आवश्यकता है वहां जमीन आरक्षित कर श्मशान के लिए आवंटित की जाएगी। यह काम आगे भी जारी रखने को कहा है।

### दाह संस्कार को लेकर होते हैं विवाद

ग्रामीण क्षेत्रों में श्मशानों तक पहुंचने के रास्ते नहीं होने के कारण कई बार विवाद होते हैं, इन विवादों को टालने के लिए ही श्मशान तक पहुंचने के रास्ते सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करने और श्मशानों से अतिक्रमण हटवाने का फैसला किया है। कई जगह श्मशानों की जमीन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, इस वजह से विवाद होते हैं।

# ट्रांसफर के लास्ट दिन 1653 प्रिंसिपल बदले

## सालों से शहर में जमे कर्मचारियों को गांव भेजा, कई को गृह जिले में मिली पोस्टिंग




**बीकानेर।** ट्रांसफर के आखिरी दिन शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए एक ही आदेश में 1653 सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल बदल दिए। कई साल से शहरों में जमे प्रिंसिपलों को गांवों में भेजा गया है, जबकि दूर-दराज के जिलों में काम कर रहे कई प्रिंसिपलों को उनके गृह जिले में पोस्टिंग मिली है। सभी को अगले 10 दिन के भीतर नए स्कूल में जॉइन करना होगा। शुरुआत में विभाग ने करीब 500 प्रिंसिपलों की लिस्ट तैयार की थी, लेकिन अंतिम दो दिन में यह संख्या बढ़ा दी गई। शुक्रवार सुबह 5:49 बजे माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस लिस्ट पर ई-हस्ताक्षर किए।

### प्रदेश के सभी जिलों में हुए बदलाव

आदेश के तहत प्रदेश के सभी जिलों में प्रिंसिपलों के ट्रांसफर किए गए हैं। खास बात यह रही कि कांग्रेस सरकार के समय शहर से गांव और गांव से शहर गए प्रिंसिपलों को भी बदला गया है।

### किसी को गृह जिला, किसी को दूर पोस्टिंग

नई लिस्ट में कई प्रिंसिपलों को दूर जिलों से उनके गृह जिले में लाया गया है, जबकि कुछ को गृह जिले से दूर इलाकों में भेजा गया है। पिछले दो साल से ट्रांसफर का इंतजार कर रहे कई प्रिंसिपलों को राहत मिली है, जबकि कुछ को इस बार भी मनचाही पोस्टिंग नहीं मिल सकी।

### सर्वे में लगे कर्मचारी अभी नहीं होंगे रिलीव

जिन ग्रेड सेकंड टीचर्स, लेक्चरर्स और प्रिंसिपलों की ड्यूटी ओबीसी सर्वे में लगी है, उन्हें फिलहाल रिलीव नहीं किया जाएगा। जनगणना कार्य में लगे प्रिंसिपलों को संबंधित अधिकारियों की मंजूरी मिलने के बाद ही रिलीव किया जाएगा।

### निदेशालय से स्कूलों में भेजे गए टीचर

लंबे समय से शिक्षा निदेशालयों में अधिकारी के रूप में काम कर रहे 20 से ज्यादा टीचर्स को वापस स्कूलों में भेजा गया है। कांग्रेस सरकार के समय निदेशालय में लगाए गए पीटीआई को भी अब स्कूलों में पोस्टिंग दी गई है।

# उदयपुर के तैराकों का राजस्थान में जलवा

## 9 खिलाड़ियों ने 16 पदक जीते, 4 पदकों के साथ सबसे सफल तैराक बनीं संध्या

**उदयपुर।** राजस्थान जूनियर एक्वाटिक चैम्पियनशिप-2026 में उदयपुर के बालाजी तरणताल (बीटीएस स्विमिंग क्लब) के नौ तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 16 पदक जीते। इनमें 4 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। इसमें सबसे बेहतर प्रदर्शन संध्या ने किया। उन्होंने अकेले 4 पदक जीतकर क्लब की सबसे सफल तैराक बनने का गौरव हासिल किया। यह प्रतियोगिता उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में आयोजित हुई। इसमें व्यक्तिगत और रिले स्पर्धाओं में उदयपुर के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया और कई पदक अपने नाम किए।

### ऐसे जीते पदक

मंथन कुमावत ने 4×50 मीटर मेडले रिले में रजत पदक जीता। वहीं 100 मीटर बटरफ्लाई और 4×50 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में कांस्य पदक अपने नाम किए। हिमांश मालवीय ने 4×50 मीटर मेडले रिले में रजत और 4×50 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में कांस्य पदक जीता। सुभाष भाकर ने 4×50 मीटर मेडले रिले में रजत पदक और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक हासिल किया। अमन वैष्णव ने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल और 4म50 मीटर मेडले रिले में कांस्य पदक जीते। सौरभ कुमावत, संयम मीणा और नंदिनी सिंह बल्ला ने भी अपनी-अपनी रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतकर टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) दीपक गौड़, जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल और तैराकी प्रशिक्षक पियूष सुखवाल, संदीप सोनी और परेश पटेल ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# भरतपुर में 2 पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## बाजार में 30 हजार लेते पकडे गए; जमीन की माप और निशानदेही की एवज में मांगी थी घूस



**भरतपुर।** भरतपुर एसीबी ने 30 हजार की रिश्वत लेते दो पटवारियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पटवारी भू-प्रबंधन विभाग में तैनात थे। पटवारियों ने परिवादी से जमीन की माप और निशानदेही के एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत की डिमांड की थी। सत्यापन के दौरान 30 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था। दोनों पटवारियों ने बाजार में परिवादी को रिश्वत देने के लिए बुलाया था।

### 30 हजार रुपए में हुआ था सौदा

भरतपुर **ACB** चौकी के एडिशनल एसपी अमित सिंह ने बताया कि 7 जुलाई को एक परिवादी की शिकायत मिली थी कि भू-प्रबंधन के दो पटवारी उसके खेत की माप और निशानदेही के लिए उससे 50 हजार रुपए की डिमांड कर रहे हैं। उसी दिन शिकायत का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन में 30 हजार रुपए में सौदा होना तय हुआ।

### बाजार में पैसे लेने के लिए परिवादी को बुलाया था

आज दोनों पटवारी प्रदीप सिंह और दिगंबर सिंह ने परिवादी को रिश्वत देने के लिए शहर के चौबुर्जा चौराहे पर बुलाया। वहां पर दोनों पटवारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड लिया। वहां से दोनों पटवारियों को एसीबी कार्यालय लाया गया, जहां दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# रोहिंग्या आरोपियों को हाईकोर्ट से झटका,जमानत याचिका खारिज

## पहचान छिपाकर भारत में रह रहे थे, बांग्लादेश से 30 लड़कियों को लाकर अलग-अलग राज्यों में बेचा




**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने म्यांमार के रहने वाले 3 रोहिंग्या आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने मोहम्मद उस्मान, शफी आलम उर्फ शोफी आलम और रबी उल इस्लाम की जमानत अर्जी को नामंजूर कर दिया। तीनों आरोपियों पर आरोप है कि वे पिछले कई सालों से भारत में अपनी पहचान छिपाकर रह रहे थे। इस दौरान वे कई बार अवैध तरीके से बांग्लादेश भी गए। साल 2023 में अपनी गिरफ्तारी से पहले ये आरोपी बांग्लादेश से 30 लड़कियों को अवैध रूप से भारत लेकर आए थे। इन्होंने इन लड़कियों को हैदराबाद, जम्मू-कश्मीर, असम और राजस्थान में लाकर बेच दिया। देशभर में इन आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) के कई मामले दर्ज हैं। एनआईए ने खुफिया इनपुट के आधार पर इन्हें राजस्थान और हरियाणा से गिरफ्तार किया था। साल 2024 में जयपुर की एनआईए की विशेष अदालत से जमानत खारिज होने के बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे अब हाईकोर्ट ने भी खारिज कर दिया है।

### रोहिंग्या लड़कियों को भारतीय समाज में बसाने की थी साजिश

एनआईए की ओर से पैरवी करते हुए वकील स्नेहदीप ख्यालिया ने कोर्ट को बताया कि ये तीनों आरोपी साल 2011-12 में सीमा पार करके बांग्लादेश के रास्ते भारत आए थे। इनमें से मोहम्मद उस्मान जम्मू-कश्मीर में, शफी आलम तेलंगाना में और रबी उल इस्लाम नूंह (हरियाणा) में अपनी पहचान छिपाकर रह रहे थे। तीनों ने भारत में फर्जी दस्तावेजों के जरिए आधार कार्ड बनवाए, मोबाइल सिम लीं और बैंक खाते भी खुलवा लिए थे। इनकी साजिश रोहिंग्या लड़कियों को भारतीय समाज में स्थापित (बसाने) करने की थी, ताकि जरूरत पड़ने पर उनका इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों में किया जा सके। इसी साजिश के तहत इन्होंने कई लड़कियों को भारत लाकर अलग-अलग शहरों में उनकी शादियां भी करवाईं।

### गवाहों और पीड़ितों के बयान होना अभी बाकी

वकील स्नेहदीप ख्यालिया ने जमानत का विरोध करते हुए दलील दी कि यदि आरोपियों को जमानत मिलती है, तो उनके देश छोड़कर भागने का पूरा खतरा रहेगा। इस मामले में अभी कई महत्वपूर्ण गवाहों, पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज होना बाकी हैं। ऐसे में आरोपियों को जमानत नहीं दी जानी चाहिए। वहीं, आरोपियों के अधिवक्ता ने दलील दी कि इस मामले में तीनों को झूठा फंसाया गया है। केस में महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं और आरोपी पिछले 2 साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। चूंकि ट्रायल पूरा होने में लंबा समय लग सकता है, इसलिए उन्हें जमानत का लाभ दिया जाए। दोनों पक्षों की गंभीर बहस सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।